# भारत की राष्ट्रपति

# श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

# का

# स्लोवाकिया की राजकीय यात्रा के दौरान प्रेस वक्तव्य

**ब्रातिस्लावा: 9 अप्रैल 2025**

मुझे स्लोवाकिया आकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है, यह इस खूबसूरत देश की मेरी पहली राजकीय यात्रा है। मैं राष्ट्रपति पेलेग्रिनी और स्लोवाकिया के लोगों को मेरे और मेरे प्रतिनिधिमंडल के गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य के लिए धन्यवाद देती हूँ। मैं भारत के लोगों की ओर से ढेर सारी शुभकामनाएँ लेकर आई हूँ।

भारत और स्लोवाकिया के बीच संबंध आपसी सम्मान, लोकतांत्रिक आदर्शों और वैश्विक सहयोग के लिए साझा दृष्टिकोण पर आधारित हैं। हमारे दोनों देश अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक-दूसरे का समर्थन करते हैं, जो हमारी गहरी दोस्ती को दर्शाता है। हमारे व्यापार संबंध फल-फूल रहे हैं, और हाल के वर्षों में हमारे व्यापार और निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

मैं इस अवसर पर Ukraine से भारतीय छात्रों को निकालने के दौरान स्लोवाकिया के अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद व्यक्त करना चाहती हूँ। भारत स्लोवाकिया के सहयोग और उदारता को सदैव याद रखेगा, जो सच्चे साझेदार और मित्र के रूप में हमारे बंधन को मजबूत करेगा।

स्लोवाकिया में भारतीय प्रवासी भी बढ़ रहे हैं, जो हमारे दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क में योगदान दे रहे हैं।

देवियो और सज्जनो,

आज सुबह राष्ट्रपति पेलेग्रिनी के साथ मेरी रचनात्मक बैठक हुई। हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की और साझा वैश्विक और क्षेत्रीय हितों के मुद्दों पर भी चर्चा की। मैंने हमारे दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने की दिशा में उनकी व्यक्तिगत पहल और प्रतिबद्धता की भी सराहना की।

हमने व्यापार और निवेश, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, रक्षा, digital technology, migration और mobility, अंतरिक्ष, परमाणु सहयोग, संस्कृति सहित सभी क्षेत्रों को शामिल करते हुए अपने दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने और लोगों से लोगों के बीच संपर्क को और बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

हम United Nations और अन्य बहुपक्षीय मंचों में अपने समन्वय और सहयोग को मजबूत करने पर सहमत हुए।

मेरी यात्रा के दौरान, मैं राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष, और प्रधानमंत्री फ़ित्सो के साथ के साथ भी मिलूंगी। चर्चा सहयोग के क्षेत्रों को मजबूत करने पर केंद्रित होगी। कल, राष्ट्रपति पेलेग्रिनी और मैं संयुक्त रूप से India-Slovak Business Forum का उद्घाटन करेंगे और Nitra में Tata Jaguar Land Rover plant का दौरा करेंगे।

आर्थिक सहयोग पर स्लोवाक सरकार के focus को देखते हुए, मेरे साथ एक मजबूत trade delegation है। मुझे विश्वास है कि ये बातचीत हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने में मदद करेगी।

मैं एक बार फिर, महामहिम राष्ट्रपति जी, आपके शानदार आतिथ्य के लिए आपको धन्यवाद देती हूं। मुझे विश्वास है कि स्लोवाक गणराज्य की मेरी यात्रा हमारे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में मदद करेगी।

धन्यवाद!

********